# बोको हराम

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया]

**नाइजीरिया बोको हराम और उसके गुटों द्वारा नेतृत्व किये जा रहे एक नये उग्रवाद का सामना कर रहा है,** जो उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा बना हुआ है।

## बोको हराम:

- बोको हराम एक इस्लामी सांप्रदायिक आंदोलन है जो **वर्ष 2002 में पूर्वोत्तर नाइजीरिया में उभरा, जिसकी स्थापना मोहम्मद यूसुफ ने की थी।**
    - वे मुख्य रूप से नाइजीरिया के उत्तरी राज्यों, विशेषकर **योबे, कानो, बाउची, बोर्नो और कडुना में निवास करते हैं।**
- **बोको हराम** (जिसका अर्थ है **'पश्चिमी शिक्षा निषिद्ध है'**) **पश्चिमी शैली की शिक्षा और पंथनिरपेक्ष शासन** का विरोध करता है और इसका उद्देश्य एक **इस्लामी राज्य** की स्थापना करना है।
- **यह 1990** के दशक के मध्य में नाइजीरिया में एक **उदारवादी इस्लामी समूह के रूप में उभरा**, जो **बियाफ्रान युद्ध (1967-70) के बाद** की शिकायतों से प्रभावित था, जिसमें **पश्चिमी शक्तियों और तेल हितों** द्वारा समर्थित सरकारी दमन के कारण **2 मिलियन से अधिक मृत्यु** हुई।
- वे **नाइजीरिया, नाइजर, चाड और कैमरून** की सीमाओं के पार सक्रिय हैं तथा दमन के प्रयासों के बावजूद**अफ्रीका में सबसे घातक आतंकवादी समूहों में से एक बने हुए हैं।**

## नाइजीरिया:

- नाइजीरिया (जिसे **अफ्रीका का विशालकाय (Giant of Africa) देश भी कहा जाता है) पश्चिम अफ्रीका** में स्थित एक देश है, जिसकी सीमा **नाइजर, चाड, कैमरून, बेनिन** और **गिनी की खाड़ी से लगती है।**
- अफ्रीका में इसकी **जनसंख्या सबसे अधिक** है और विश्व में यह **छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** है, इसके अतिरिक्त यह **अफ्रीका में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** है।
- 1960 में इसे **ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त हुई** और **अबुजा** इसकी राजधानी बनी।
- यह देश **कैमरूनियन हाइलैंड्स से घिरा हुआ है** और **प्राकृतिक संसाधनों,** विशेषकर **पेट्रोलियम** और **प्राकृतिक गैस से समृद्ध है।**




**और पढ़ें: बोको हराम, नाइजीरिया 9वाँ ब्रिक्स साझेदार देश बना**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boko-haram